न्यूज़लेटर

1 से 15 फरवरी, 2025

नई औद्योगिक क्रांति

हमारे भविष्य को बदल रही है

राहुल गांधी ने संसद में भारत के भविष्य के लिए एक अलग दृष्टिकोण पेश किया। उन्होंने चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए नई तकनीकों जैसे इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और AI में निवेश की जरूरत पर जोर दिया।

पूरा वीडियो यहां देखें।

युद्ध का ड्रोन युग

राहुल गांधी बताते हैं कि ड्रोन कैसे युद्ध के मैदान को बदल रहे हैं। उन्होंने भारत के भविष्य को आगे की ओर ले जाने के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण सामने रखने और अपनी औद्योगिक क्षमता को विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया।

वीडियो यहां देखें।

प्रधानमंत्री को मान लेना चाहिए कि 'मेक इन इंडिया' फेल हो गई है

मेरे विचार

संसद में, मैंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' एक अच्छी पहल थी, लेकिन यह अपने लक्ष्यों को हासिल करने में फेल रही। 2014 में मैन्युफैक्चरिंग GDP का 15.3% था, जो घटकर 12.6% रह गया है- यह 60 सालों में सबसे कम है। भारत के युवाओं को नौकरियों की सख्त जरूरत है और हमें अत्याधुनिक क्षमताओं का विकास करके अपने मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को मजबूत करना होगा। मोदी जी ने अपने भाषण में 'मेक इन इंडिया' का जिक्र तक नहीं किया, अगर प्रधानमंत्री इन असफलताओं को नही मानेंगे, तो हम कैसे दुनिया से आगे निकल पाएंगे?

पूरा ट्वीट यहां पढ़ें।

फोकस इवेंट

महाराष्ट्र में 5 महीने में ही 39 लाख मतदाता कैसे जुड़ गए?

पूरी प्रेस कॉन्फ्रेंस यहां देखें।

सुप्रिया सुले और संजय राउत के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से महाराष्ट्र में चुनावी गड़बड़ियों के बारे में सवाल पूछे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में पिछले 5 सालों की तुलना में 5 महीनों में ज्यादा मतदाता जोड़े गए हैं, और महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या महाराष्ट्र की कुल वयस्क जनसंख्या से भी अधिक थी।

एक्सक्लूसिव

रामचेत मोची ब्रांड का बनना

छह महीने बाद, रामचेत मोची ने राहुल गांधी से उनके दिल्ली स्थित घर पर मुलाकात की, जहां प्रियंका गांधी वाड्रा और सोनिया गांधी भी मौजूद थीं। रामचेत जी ने अपने परिवार के बारे मे बताया और उन्होंने ये भी कहा कि राहुल गांधी से चमड़े की सिलाई करने वाली मशीन मिलने के बाद से उनके जीवन में बड़े बदलाव आए हैं। कई मोचियों की तरह, रामचेत जी में भी बहुत हुनर है, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने के लिए एक मंच की जरूरत है। राहुल गांधी ने रामचेत जी के व्यवसाय को आगे बढ़ाने और भारत के श्रमिकों के कौशल का सम्मान करने के महत्व के बारे में बात की।

पूरा एक्सक्लूसिव वीडियो यहां देखें

झलकियां

नागालैंड के छात्रों के साथ नई तकनीकों पर चर्चा।

संसद में नेशनल हॉकर्स फेडरेशन के साथ बातचीत।

अमेरिका से वापिस भेजे गए भारतीय प्रवासियो के साथ हुए अमानवीय व्यवहार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन।

संसद में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से मुलाकात।

राहुल गांधी के विचार

“वे (भाजपा) भाई को भाई से लड़ा देंगे, एक जाति को दूसरी जाति से लड़ा देंगे और फिर अंत में जो आपका धन है, मेहनत की जो कमाई है, वह आपसे लेकर अडानी जैसे अरबपतियों को दे देंगे।”

हौज काजी, दिल्ली की एक जनसभा में।

CLICK TO SUBSCRIBE TO THIS NEWSLETTER